

# मौहारी में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**कोठी 1 मई, रैगांव विधानसभा के ग्राम मौहारी में शुक्ल निवास में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया है। श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पहले गांव में कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में महिला श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर चल रही थीं।**



श्रीमद् भागवत कथा के प्रारंभ होने से देवी मंदिर से गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा शुरू हुई। कलश यात्रा में ढोल नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। यजमान दिवाकर प्रसाद शुक्ल सिर पर श्रीमद् भागवत कथा लेकर चल रहे थे। कलश यात्रा में महिला श्रद्धालु पीले लाल वस्त्र पहनकर एवं सिर पर कलश रखकर श्रद्धा भाव से चल रही थीं। पहले दिन कथा माहात्मय का व्याख्यान करते हुए कथावाचक श्री शिरोमणि जी महाराज चित्रकूट धाम ने कहा कि रामायण महापुराण हमें आदर्श के साथ जीवन जीने के तरीके सिखाती है और श्रीमद् भागवत महापुराण हमें मरना कैसे है ये सिखाती है। भागवत महापुराण में भक्त को मरने से पहले क्या कर्म करे कि अपनी मुक्ति को प्राप्त कर कर सके उस सुगम मार्ग का मार्गदर्शन केवल भागवत महापुराण में मिलता है। भगवान की भक्ति से मोक्ष की प्राप्ति करने का सबसे सरल उपाय राम नाम संकीर्तन है। कोतबा में विशाल संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसकी शुरुआत शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ, कथा के पहले दिन पूरे नगर के महिलाओं के द्वारा हजारों की संख्या में कलश यात्रा में अपनी सहभागिता दी गई। आयोजन स्थल से नगर के मुख्य मार्ग होते हुए सतीघाट धाम तक गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर के लोगो द्वारा घर-घर दरवाजे पर कलश आरती का आयोजन कर उनका स्वागत किया गया। कथा 2 बजे से हरि इच्छा तक आयोजित की जा रही है। जिसमें पहले दिन देवी पूजन व भागवत माहात्मय का व्याख्यान करते हुए भक्ति ज्ञान वैराग्य का बहुत ही सुन्दर वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि इस कलयुग में केवल भगवान का नाम जपने भर मात्र से सहज ही भक्ति की प्राप्ति हो जाती है।


### कलश यात्रा में ये रहे उपस्थित

यात्रा में कथा वाचक आचार्य शिरोमणि महाराज, आचार्य जितेन्द्र पाण्डेय, अरविंद चतुर्वेदी, सतेंद्र महाराज, नितिन त्रिपाठी, रामनरेश तिवारी, महीपत शुक्ला, श्रीधर शुक्ला, राजा शुक्ला, अनिल शुक्ला, बालमुकुंद शुक्ला, घनश्याम शुक्ला, रामबालक शुक्ला, शिवांश शुक्ला, अतुल शुक्ला, अनमोल मिश्रा, अभिलाषा तिवारी, आशुतोष तिवारी, आस्था तिवारी, रविशंकर शुक्ला, डॉक्टर आदित्य प्रसाद शुक्ला, पंकज शुक्ला, अंबुज शुक्ला, श्रुति कीर्ति शुक्ला, अदिति शुक्ला, भाग्यश्री शुक्ला,जयश्री शुक्ला, छेदीलाल तिवारी, ददुआ तिवारी, रामजश उरमलिया, रामनिवास उरमलिया, ओम शुक्ला, ध्रुव तिवारी मौहारी, वेद शुक्ला, रुद्र शुक्ला, मोनू तिवारी, विकास तिवारी, गुड्डू तिवारी, भोलू पयासी, किशन तिवारी सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

# रामचरित मानस पाठ में कर्रा पहुंचे सांसद गणेश सिंह

## कालिका प्रसाद पटेल ने किया भव्य स्वागत


**नवभारत न्यूज**
**रामनगर 1 मई, राम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कर्रा में भगवान भोलेनाथ की कृपा से शिव मंदिर वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुक्रवार 1 मई 2026 को रामचरित मानस के पाठ प्रारंभ में कर्रा पहुंचे सतना सांसद गणेश सिंह मंदिर में माथा टेका सांसद जी का पूर्व जनपद सदस्य सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल ने स्वागत् कर साल श्री फल शारदा माई की तस्वीर भेंट कर भव्य स्वागत् किया गया .**



साथ में भाजपा नेता एडवोकेट गोरेलाल पटेल, यादुवेन्द सिंह ठाकुर दादू सरपंच हीरालाल पटेल ,भाजपा मंडल अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष इंजीनियर प्रियंका अशोक पटेल बाबा विश्वनाथ पटेल आदि ग्रामवासी रहे। विशाल भंडारा 2 मई 2026 को मानस समाप्ति के बाद दोपहर 12 बजे से कालिका प्रसाद पटेल के निवास कर्रा में आप सभी उपास्थित होकर प्रसाद ग्रहण करें।

# स्लॉट बुकिंग समस्या को लेकर किसान हो रहे परेशान : रामशंकर पयासी

**नवभारत न्यूज**
**रामपुर बाघेलान 1 मई, रामशंकर पयासी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामपुर बघेलान ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि किसानों के स्लॉट बुकिंग की समस्या को तत्काल दूर की जाए जिससे किसान अपनी गेहूं की फसल को बेच सकें ।**



श्री पयासी ने आगे कहा कि वर्तमान समय में किसानों को पैसे की बहुत आवश्यकता है शादियों का समय चल रहा है लोगों को शादिया करनी है लेकिन गेहूं ना बिकने से पैसों के लिए किसान इधर उधर भटक रहा है सरकार किसानों की फसल खरीदने में आनाकानी कर रही है खरीफ फसल में सत्यापन की समस्या पैदा कर किसानों को बहुत परेशान किया था जिस कारण कई किसान अपनी धान की फसल नहीं बेच पाए आज भी उनकी धान गोदाम में रखी है ठीक वही स्थिति अब गेहूं की फसल खरीदने में प्रदेश की मोहन सरकार कर रही है पहले खरीदी की तारीख बढ़ाई फिर छोटे-बड़े किसानों में उलझाया अब स्लॉट बुकिंग में किसानों को परेशान किया जा रहा है किसान इस भीषण गर्मी में स्लॉट बुक करने के लिए चक्कर लगा रहे हैं लेकिन स्लॉट बुक नहीं हो रहा है मोहन सरकार की इच्छा साफ-साफ लगती है वह किसानों की फसल को नहीं खरीदना चाहती इसलिए नित्य नए बहाने बनाती है तीन काले कानून लागू करना चाहती थी लेकिन किसानों के दबाव में उसे वापस लेना पड़ा अपने साथी पूंजी पतियों को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों को खेती से हतोत्साहित कर रही है यदि दो दिवस के अंदर स्लॉट बुकिंग की समस्या को दूर नहीं किया जाता तो रामशंकर पयासी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने किसानों के समर्थन में व्यापम जन आंदोलन करेंगे।

# बाबूपुर मंडल के प्रभारी बनाए गए यशवंत पांडे

**नवभारत न्यूज**
**कोठी 1 मई, भारतीय जनता पार्टी के कोठी मंडल के पूर्व अध्यक्ष यशवंत पांडे को सतना जिले के बाबूपुर मंडल का नया प्रभारी बनाया गया है।**

उनकी यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुशंसा से भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे ने की है उनके बाबूपुर मंडल के प्रभारी बनाए जाने से उनके ईस्ट मित्र उनके प्रशंसक तथा चाहने वालों में अत्यंत खुशी का माहौल है लोगों ने कहा कि निश्चित रूप से यशवंत



में एक आंतरिक ऊर्जा शक्ति निवास करती है जिसका उदाहरण पूर्व के चुनाव में देखा गया है इसकी वजह से निश्चित रूप से पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान होगी यशवंत पांडे ने अपनी इस नियुक्ति पर अपने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

# तहसीलदार ने संभाली जनगणना की कमान

**नवभारत न्यूज**
**सतना 1 मई, जनगणना 2027 को लेकर उचेहरा तहसील प्रशासन अलर्ट मोड पर है। तहसीलदार ज्योति पटेल ने गुरुवार को तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहटा का निरीक्षण किया।**

इस दौरान उन्होंने सुपरवाइजर और प्रगणकों की बैठक लेकर मकान सूचीकरण कार्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**टीम भावना से काम करने पर जोर-** बैठक में तहसीलदार ज्योति पटेल ने स्पष्ट कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी सुपरवाइजर और प्रगणक टीम भावना के साथ समन्वय



बनाकर काम करें। हर घर तक पहुंचना है और कोई भी मकान या परिवार छूटना नहीं चाहिए। बैठक में नायब तहसीलदार मुकेश साहू राजस्व निरीक्षक, सरपंच, उपसरपंच पटवारी, सचिव, सुपरवाइजर और प्रगणक मौजूद रहे।

### समय पर सत्य जनगणना जरूरी

तहसीलदार ने निर्देश दिए कि 1 मई से 30 मई 2026 तक चलने वाले मकान सूचीकरण के पहले चरण को तय समय-सीमा में पूरा करें। डेटा पूरी तरह सत्य और स्पष्ट होना चाहिए।

# सिया पिया मिलन महोत्सव : सुतीक्ष्ण आश्रम में आज से गूंजेगी श्रीमद्भागवत कथा की अमृत वर्षा

**नवभारत न्यूज**
**सतना 1 मई, जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सुतीक्ष्ण मुनि आश्रम में एक बार फिर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का विराट संगम होने जा रहा है।**

परमपिता परमेश्वर की असीम कृपा एवं पूज्य पूर्व सद्गुरुदेव श्री त्रिवेणी दास महाराज की पावन स्मृति में आयोजित सियापिया मिलन महोत्सव इस वर्ष भी भक्तों के लिए विशेष आध्यात्मिक अनुभूति लेकर आ रहा है। इस दिव्य आयोजन के अंतर्गत भव्य श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ 2 मई 2026 (शनिवार) को कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति भाव से शामिल होंगे।



**विद्वान संतों के श्रीमुख से कथा रसपान-** इस नौ दिवसीय महोत्सव में महंत रामेश्वर दास महाराज (सुतीक्ष्ण आश्रम) हरिहर दास जी महाराज (श्रीधाम चित्रकूट) वहीं, श्रीमद्भागवत के मूल पाठ का दायित्व काशी के विद्वान पंडित गोविंद प्रसाद पांडे शास्त्री निभाएंगे।

आश्रम के शिष्य एवं भक्त मंडल के अनुसार, यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी गुरु कृपा से भव्य रूप में आयोजित हो रहा है। व्यवस्थापक पुजारी महेश दास एवं समस्त संत समाज ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर कथा श्रवण, भक्ति और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। भक्ति, ज्ञान और सेवा का यह संगम न केवल आध्यात्मिक उन्नति का अवसर है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संदेश भी देगा।

### आध्यात्मिक कार्यक्रम की रूपरेखा

2 मई 2026 (शनिवार)- भव्य कलश यात्रा एवं बैठकी, 2 मई से 8 मई 2026 तक- श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन, 9 मई 2026 (शनिवार)- पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा

# ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरुआत

## विकासखंड अमरपाटन में हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**अमरपाटन 1 मई,** अमरपाटन में शासन के निर्देशानुसार विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के निर्देशानुसार विकासखंड युवा समन्वयक पूनम पटेल के नेतृत्व में स्थान पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरपाटन में दिनांक 1 मई से 31 मई 2026 सुबह 5.30 से 7.30 बजे तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 की हुई शुरुआत. जिसमें कबड्डी एवं करटे खेल के प्रशिक्षण




के साथ-साथ कई अन्य गतिविधियां भी संचालित कराई जाएगी इसका ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाना है जिसके मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य फूलचंद साकेत शिव प्रसाद पटेल शिक्षक नरेंद्र सोनी विकासखंड खेल प्रभारी आशीष पटेल कराटे कोच एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे एवं खिलाड़ियों को शपथ ग्रहणकराई गई

# टूटी एलटी लाइन में फंस कर 4 मवेशियों की मौत

**कोटर 1 मई,** टिकुरी बस स्टैंड में 200 हॉर्स पावर का ट्रांसफार्मर जो लगा हुआ है उससे जो एलटी लाइन गांव की तरफ जाती है उसकी तार टूट जाने से दो गाय एवं दो कुत्ते करंट में फंसकर मर गए एलटी लाइन कई दिनों की टूटी हुई है जिसकी शिकायत राजेंद्र सिंह के द्वारा लगातार की जाती रही लेकिन विद्युत विभाग के लापरवाही से तार को अभी तक नहीं जोड़ा गया जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। दो गाय एवं दो कुत्ते मौत के मुंह में समा गए। आज दिनांक तक विद्युत मंडल के द्वारा तार को नहीं जोड़ा गया जिससे से खतरा बना हुआ है और विद्युत मंडल को बड़ी घटना का इंतजार है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में 15 दिवसीय समर कैम्प प्रारंभ

### खेलें भी खिलें भी : डॉ . सचिन गोयल

**नवभारत न्यूज**
**नागौद 1 मई, सरस्वती शिशु मंदिर में 15 दिवसीय समर कैम्प के आयोजन के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. सचिन गोयल, अध्यक्ष चंदन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अंजना टंडन,श्रीमती आभा अग्रवाल ,श्रीमती सुमन गोयल,हरिकिशन अग्रवाल प्रभारी प्राचार्य शिवेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य प्रमोद पाण्डेय,श्रीमती शालिनी त्रिपाठी ने द्वीप प्रज्जवलन कर, मां**




**वीणापाणी की वन्दना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।**

अतिथियों का परिचय मुनीश्वर पाठक ने कराया एवं कार्यक्रम का संचालन पुष्पेन्द्र गर्ग ने किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती आभा अग्रवाल ने समर कैम्प" की प्रस्तावना हम सभी के मध्य रखकर सबको पाथेय प्रदान किया। ग्रीष्मकालीन खाली समय में भैया/बहिनों के समय के सदुपयोग हेतु 15 विधाओं में समर कैम्प का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. सचिन गोयल ने अपने उद्बोधन में बताया कि भैया/बहिनों के चहुमुखी विकाश हेतु इस प्रकार के आयोजनों की प्रमुख भूमिका है। शासन के द्वारा fun and joy के शिक्षण की कई योजनाएँ संचालित हो रही है। इस समर कैम्प में आप सभी भैया/बहिन को पूर्ण मनायोग से सीखना है एवं समाज के विकाश में अपना सहयोग प्रदान करना है अध्यक्ष चन्दन अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय आशीष प्रदान करते हुए महापुरुषों की मूल पहचान कराते हुए भैया/बहिनों की गतिविधियाँ कराई गई ,एवं सभी को अपने सम्पूर्ण मनोयोग प्रदान करने की बात कही। आपने कहा कि सभी भैया/बहिन अपने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में अधिक से अधिक सीखनें का प्रयास करना चाहिए। उद्घाटन समारोह के अध्यक्ष चन्दन अग्रवाल की अनुमति के पश्चात कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। इस समर कैम्प मेंके सभी विद्यालयों के भैया/बहिन , सतना के प्रमुख विद्यालयों के भैया/बहिनों के साथ साथ नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# किशोर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**कर्वी ( चित्रकूट ) 1 मई, आरोग्य भारती, चित्रकूट के तत्वावधान में किशोर एवं किशोरी स्वास्थ्य प्रबोधन विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बेड़ी पुलिया, कर्वी में गुरुवार किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय (राष्ट्रीय संगठन सचिव, आरोग्य भारती) रहे। उन्होंने किशोरावस्था में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संतुलित आहार, स्वच्छता, योग तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही विद्यार्थियों को मोबाइल एवं इंटरनेट के दुष्प्रभावों से




बचने तथा समय प्रबंधन के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विपुल प्रताप सिंह (अध्यक्ष, आरोग्य भारती चित्रकूट) ने की, जबकि संचालन एवं आयोजन में संगठन के सचिव बैजनाथ पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंचासीन अन्य अतिथियों ने भी विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और नियमित दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री कमलाकांत उपाध्याय, डॉ. एस.पी. त्रिपाठी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्यगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी प्राप्त की। अंत में विद्यालय के अनुशासन प्रभारी श्री प्रशांत कुमार द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस संबंध में जानकारी मीडिया प्रभारी विश्वास पाण्डेय द्वारा दी गई।

# चित्रकूट में नावों बैठने वालों के लिए लाइफ पहनना अनिवार्य किया जाए : शशांक सिंह

**नवभारत न्यूज**
**चित्रकूट 1 मई, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व कांग्रेस उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शशांक सिंह बघेल ( सोनौरा ) ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण बयान जारी करते हुए कहा है कि देश में बढ़ती दुर्घटनाओं और आपदाओं को देखते हुए अब समय आ गया है कि आपदा प्रबंधन (Disaster Management) कोर्स को हर स्कूल और कॉलेज में अनिवार्य किया जाए।**

उन्होंने कहा कि केवल किताबों की पढ़ाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि जीवन रक्षक कौशल भी उतने ही जरूरी हैं। बघेल ने सुझाव दिया कि खाना बनाना (Cooking Skills) और तैरना (Swimming) जैसे बेसिक स्किल्स को भी शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, ताकि आपात स्थिति में व्यक्ति खुद और दूसरों की मदद कर सके।

**जबलपुर हादसे का जिक्र-** शशांक सिंह बघेल ने अपने बयान में हाल ही में हुई जबलपुर जैसी हृदय विदारक दुर्घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं समाज के लिए एक चेतावनी हैं। उन्होंने कहा कि अगर लोगों को बेसिक सेफ्टी और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण होता, तो कई जानें बचाई जा सकती थीं।

**चित्रकूट में सुरक्षा पर चिंता-** श्री बघेल ने विशेष रूप से चित्रकूट क्षेत्र में नाव संचालन को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वहां अक्सर नावों के टकराने (भिड़ने) की घटनाएं सुनने में आती हैं, जो भविष्य में बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि चित्रकूट में नावों पर लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य किया जाए एवं नाव संचालन के लिए सख्त नियम और निगरानी व्यवस्था लागू की जाए

### प्रशासन से अपील

अंत में उन्होंने सरकार और स्थानीय प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि अगर अभी से ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो किसी भी दिन चित्रकूट में भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। हमें हादसे का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि पहले से तैयारी करनी चाहिए। यह बयान ऐसे समय में आया है जब देशभर में सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।



# बुंदेलखंड के महोबा वन प्रभाग में 50 करोड़ के घोटाले का आरोप, सीएम योगी ने दिए जांच के आदेश

- अग्रिम मृदा कार्यों में फर्जीवाड़ा, कागजों पर काम दिखाकर भुगतान कराने का आरोप

**अमर सिंह राठौर**
**चित्रकूट 1 मई, बुंदेलखंड के चित्रकूट मंडल के महोबा वन प्रभाग में वर्ष 2025-26 के दौरान कराए गए अग्रिम मृदा कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है।**

भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन के प्रदेश महामंत्री चन्द्रमोहन द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। आरोप है कि करोड़ों रुपये के बजट का दुरुपयोग करते हुए कागजों में कार्य दिखाकर भुगतान करा लिया गया। वहीं इस भ्रष्टाचार सम्बन्धी मामले को गंभीरता से



लेते हुए मुख्यमंत्री के सचिव संजय प्रसाद ने प्रमुख सचिव वन विभाग को उक्त मामले की सक्षम स्तर पर जांच कराकर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

शिकायत में कहा गया है कि जैतपुर रेंज में सामाजिक वानिकी और अन्य योजनाओं के तहत करीब 2200 हेक्टेयर में अग्रिम मृदा कार्य दिखाया गया, जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग है। गोल गड्ढा नाली निर्माण कंटूर बंधी और सुरक्षा खाई जैसे कार्यों को मानक के अनुरूप पूरा नहीं कराया गया, लेकिन भुगतान पूरा निकाल लिया गया। मामले में यह भी आरोप है कि मजदूरी भुगतान के लिए फर्जी डेली बिल तैयार किए गए। जिन लोगों के नाम पर भुगतान दिखाया गया, उनमें छात्र, महिलाएं और अन्य कार्यों में लगे लोग शामिल बताए जा रहे हैं। इससे सरकारी धन के गबन की आशंका जताई गई है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि महोबा वन प्रभाग में कई कार्य मशीनों से कराए गए, लेकिन इसके बावजूद ई-टेंडर प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। नियमों को दरकिनार कर केवल कोटेशन के आधार पर काम कराए गए, जिससे वित्तीय अनियमितताओं की संभावना बढ़ गई। प्रभागीय वनाधिकारी और क्षेत्रीय वनाधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने निर्धारित सीमा से अधिक के भुगतान पास किए और नियमों की अनदेखी की। जनचर्चा के अनुसार मार्च 2026 में ही करीब 50 करोड़ रुपये के घोटाले की बात सामने आ रही है। सूत्रों के मुताबिक, एक ही स्थान की अलग-अलग वर्षों में अलग-अलग जीपीएस लोकेशन दिखाकर बार-बार कार्य दर्शाया गया और भुगतान लिया गया। इससे पूरे मामले में सुनियोजित तरीके से गड़बड़ी करने की आशंका और गहरी हो गई है। प्रदेश महामंत्री ने मुख्यमंत्री से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि स्टोर के माध्यम से खरीदी गई सामग्रियों की भी जांच जरूरी है।

पत्र में कहा गया है कि मामले की निष्पक्ष जांच राज्य सरकार के हित में है, ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके और दोषी अधिकारियों को दंडित किया जा सके। वहीं इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री के सचिव संजय प्रसाद ने प्रमुख सचिव वन विभाग को उक्त प्रकरण की सक्षम स्तर से वैधानिक जांच कराकर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।